प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 31.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई, पांच जिलों में ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी के शोरुम पर छापेमारी, कइयों को किया गया सील।
2. प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा बनी राज्य की पहली पूर्णकालिक महिला डीजीपी, अगले दो वर्षों तक बनी रहेंगी पद पर, गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना।
3. पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने राज्य सरकार की पेसा नियमावली पर उठाये सवाल, कांग्रेस ने किया पलटवार।
4. रांची समेत राज्यभर में नये साल के स्वागत की तैयारी, पिकनिक और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर व्यापक जांच अभियान जारी।
5. रांची में चल रहे महिला हॉकी इंडिया लीग के तीसरे दिन रांची रॉयल्स ने एकतरफा मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स को 5–0 से हराया, आज एसजी पाइपर्स और सूरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबला।

*********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में कल देर शाम राज्य में सात स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी रांची, कोडरमा, धनबाद, देवघर और गिरिडीह में ऑटोमोबाइल शोरुम में की गयी। ये शो रुम जेल में बंद ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह के बताये जाते हैं। धनबाद में बरवाअड्डा स्थित दो ऑटोमोबाइल शोरूम को एसीबी ने छापेमारी के बाद सील कर दिया है। एसीबी फिलहाल शोरूम में हुए निवेश और अवैध संपत्ति के संबंधों की जांच कर रही है। इसी मामले में एसीबी ने कोडरमा स्थित एक शोरूम को भी सील कर दिया है। एसीबी की टीम ने शोरुम से कागजात और इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी जब्त किए है।

*********************

राज्य सरकार ने नियमित डीजीपी के रुप में तदाशा मिश्रा की नियुक्ति कर दी है। आज वह सेवानिवृत होने वाली थीं लेकिन उससे पहले ही सरकार ने उन्हें दो वर्षों का सेवा विस्तार दे दिया। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। तदाशा मिश्रा राज्य की पहली पूर्णकालिक महिला डीजीपी होंगी।

*********************

राज्य सरकार की नई पेसा नियमावली पर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने इसे मूल कानून की भावना के विपरीत बताते हुए सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चिंता जताई कि इसमें पारंपरिक ग्राम सभा प्रमुखों की भूमिका की अनदेखी की गई है।

भाजपा के इस आरोप पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सवाल किया है कि जब रघुवर दास खुद मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने राज्य में पेसा कानून क्यों नहीं लागू किया।

*********************

कोल इंडिया के चेयरमैन बी. साई राम ने धनबाद में बीसीसीएल के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कोयले की गुणवत्ता में सुधार लाने की कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेयरमैन ने वाशरी के आधुनिकीकरण, वाश्ड कोल का उत्पादन बढ़ाने और स्टील सेक्टर में नए ग्राहक तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने मुनाफे और कैश फ्लो को बेहतर बनाने के लिए हर महीने कोयला डिस्पैच बढ़ाने पर भी जोर दिया।

*********************

जसीडीह–झाझा रेल मार्ग पर मालगाड़ी का ट्रायल सफल होने के बाद ट्रेनों का परिचालन फिर शुरू हो गया है। 27 दिसंबर को मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से हावड़ा–पटना मेन लाइन ठप थी। मंगलवार रात आठ बजकर 4 मिनट पर ट्रैक क्लियर होने के बाद रेलवे ने मेल–एक्सप्रेस ट्रेनों की आवाजाही को हरी झंडी दे दी है।

*********************

धनबाद के कतरास में ज्वेलरी दुकान में हुई बड़ी डकैती का पुलिस ने खुलासा किया है। घटना में शामिल 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर 22 किलो चांदी और 400 ग्राम सोना बरामद किया गया। एसएसपी के अनुसार, करीब 15 अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया था, जो पहचान छिपाने के लिए निक्कर पहनते थे।

*********************

गिरिडीह पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की सूचना पर तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 8 मोबाइल, 10 सिम और दो बाइक बरामद हुई हैं। एसपी डॉ. विमल कुमार के अनुसार, ये अपराधी जंगल में छिपकर ठगी कर रहे थे। इनके पास से ठगी के उपकरण भी मिले हैं।

*********************

रांची समेत राज्य भर में नए साल के स्वागत की व्यापक तैयारी की गयी है। इसे लेकर पिकनिक और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर पूरे राज्य में व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

धनबाद में नए साल के जश्न से पहले जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कल रात एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 1 हजार 422 वाहनों की तलाशी ली गयी और नशे में गाड़ी चलाने वालों के वाहन जब्त किए गये। एसएसपी ने बताया कि नये साल के जश्न को देखते हुए पिकनिक स्पॉट्स और मॉल में अतिरिक्त बल तैनात किये गये हैं। उन्होंने कानून के दायरे में रहकर जश्न मनाने की अपील की।

*********************

उधर, देवघर के बाबा मंदिर में कल करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए 80 समर्पित जवान तैनात किए हैं। एसडीएम सह मंदिर प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि मंदिर का पट आम भक्तों के लिए सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर खुलेगा। सुबह छह बजे से शीघ्रदर्शनम की सुविधा बहाल कर दी जायेगी। नए साल पर वीवीआईपी दर्शन की सुविधा नहीं मिलेगी।

*********************

रामगढ़ में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के येलो अलर्ट के बीच राज्य सरकार से दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गरीबों को राहत देने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग 2025–26 के कल हुए मुकाबले में रांची रॉयल्स ने श्राची बंगाल टाइगर्स को 5–0 से हरा दिया। घरेलू टीम ने निक्की प्रधान की कप्तानी में आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। आज एसजी पाइपर्स और सूरमा हॉकी क्लब के बीच मुकाबला होगा।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गुमला दौरे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रांची में सीजीएल अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है–कल से 25 रुपये में रिम्स में भर्ती मरीजों के परिजन ठहर सकेंगे विश्राम गृह में।
प्रभात खबर के शब्द हैं– रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ जवानों के पास होगी तीसरी आंख।
हिन्दुस्तान लिखता है– रातू रोड फ्लाइओवर के नीचे अब खेल सकेंगे बैडमिंटन –वॉलीबॉल।
दैनिक जागरण के अनुसार– कल से प्रभावी होगा दक्षिण–पूर्व रेलवे की ट्रेनों का नया टाइम टेबल।

****************